खबरों में रहे स्टॉक

टाटा पावर कंपनी



केरल राज्य विद्युत बोर्ड के लिए 110 मेगावॉट सौर ऊर्जा परियोजना चालू की

₹ 215.6 पिछला बंद भाव
₹ 219.0 आज का बंद भाव
1.6 % ▲

ग्रीव्स कॉटन



ग्रीव्स फाइनैंस ने ईवी फाइनैंसिंग के लिए ईवीफिन प्लेटफॉर्म पेश किया

₹ 130.8 पिछला बंद भाव
₹ 135.2 आज का बंद भाव
3.4 % ▲

एचजी इन्फ्रा इंजीनियरिंग



677 करोड़ की परियोजना के लिए उत्तर मध्य रेलवे से आशय पत्र मिला

₹ 943.1 पिछला बंद भाव
₹ 955.8 आज का बंद भाव
1.3 % ▲

ऐंजल वन



ग्राहक आधार में पिछले साल के मुकाबले 45 प्रतिशत का इजाफा हुआ

₹ 1,312.6 पिछला बंद भाव
₹ 1,383.2 आज का बंद भाव
5.4 % ▲

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी



सहारा इंडिया लाइफ के जीवन बीमा कारोबार के स्थानांतरण के लिए मिली मंजूरी

₹ 1,203.1 पिछला बंद भाव
₹ 1,214.7 आज का बंद भाव
1.0 % ▲

संक्षेप में

विमानन उद्योग दर्ज करेगा 9.8 अरब डॉलर का लाभ

आईएटीए ने सोमवार को कहा कि एयरलाइंस उद्योग को इस साल 9.8 अरब डॉलर का शुद्ध मुनाफा होने की उम्मीद है। यात्रियों की संख्या बढ़ने और विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं के फिर से पटरी पर आने से उद्योग का प्रदर्शन सुधरा है। अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वाल्श ने कहा कि आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद लोग फिर से जुड़ने, संभावनाएं तलाशने और व्यापार करने के लिए उड़ान भर रहे हैं। 'ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि यात्री यातायात 2019 के स्तर के 90 फीसदी से अधिक है।' उन्होंने आईएटीए की वार्षिक आम बैठक में कहा कि हवाईअड्डों पर काफी यात्री हैं और होटलों में भी लोगों की संख्या बढ़ रही है, स्थानीय अर्थव्यवस्थाएं फिर से खड़ी हो रही हैं और एयरलाइंस उद्योग मुनाफे में आ गया है। *भाषा*

कोहिनूर बिश्वास भारतपे के उपभोक्ता ऋण प्रमुख

सफिनटेक प्लेटफॉर्म भारतपे ने सोमवार को कोहिनूर विश्वास को उपभोक्ता ऋण प्रमुख नियुक्त किया। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। बिस्वास कंपनी के 'बाय नाउ, पे लेटर' (बीएनपीएल) उत्पाद पोस्टपे की कमान संभालेंगे तथा भारतपे के सीएफओ और अंतरिम मुख्य कार्याधिकारी नलिन नेगी को रिपोर्ट करेंगे। बिस्वास के पास उपभोक्ता ऋण, कार्ड पोर्टफोलियो प्रबंधन, कारोबार रणनीति और डिजिटल कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं में 14 वर्षों से अधिक का अनुभव है तथा उन्होंने प्रमुख बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों में अहम पदों पर काम किया है। *बीएस*

रोजाना 152 उड़ानों के लिए तैयार गो फर्स्ट

कंपनी ने डीजीसीए से कहा, अगर बहाली की योजना को मंजूरी मिलती है तो पहले दिन से ही वह उड़ान शुरू करने में सक्षम है

दीपक पटेल
नई दिल्ली, 5 जून

गो फर्स्ट ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से कहा है कि अगर कंपनी बहाली की उसकी योजना को मंजूरी मिलती है तो पहले दिन से ही वह 152 उड़ान रोजाना शुरू करने में सक्षम है। कंपनी के अधिकारियों ने सोमवार को बिजनेस स्टैंडर्ड को यह जानकारी दी।

कंपनी अभी इन्सॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल अभिलाष लाल के प्रशासन के दायरे में है और यह 3 मई से ही उड़ानों का परिचालन नहीं कर पा रही है। अप्रैल में कंपनी करीब 200 रोजाना उड़ानों का परिचालन कर रही थी।

इस महीने डीजीसीए को सौंपी गई कंपनी बहाली योजना में विमानन कंपनी ने कहा है कि अपने बेड़े के परिचालन वाले 26 विमानों की खातिर उसके पास पर्याप्त कर्मचारी हैं, जिनमें करीब 675 पायलट और 1,300 कैबिन क्रू मेंबर शामिल हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा, हमने डीजीसीए से कहा है कि 152 रोजाना उड़ानों का परिचालन 22 सक्रिय विमानों के जरिए किया जाएगा। बाकी चार विमानों का इस्तेमाल तब किया जाएगा जब किसी तकनीकी वजह से किसी विमान को खड़ा कर दिया जाता हो।

परवाज की तैयारी

- कंपनी अभी इन्सॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल अभिलाष लाल के प्रशासन के दायरे में है
- 3 मई से उड़ानों का परिचालन नहीं कर पा रही एयरलाइन
- अप्रैल में रोजाना करीब 200 उड़ानों का परिचालन कर रही थी
- डीजीसीए को सौंपी गई बहाली योजना में कहा गया है कि अपने बेड़े के परिचालन वाले 26 विमानों की खातिर उसके पास पर्याप्त कर्मचारी हैं

भारत में विमानों का किराया खास तौर से उन मार्गों पर काफी बढ़ रहा है, जहां गो फर्स्ट की खासी मौजूदगी थी। विमानन मंत्रालय उम्मीद कर रहा है कि गो फर्स्ट उड़ान बहाल करने में सक्षम होगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने ये बातें कही। उन्होंने कहा, किराया नीचे लाने के लिए यह एकमात्र व्यावहारिक जरिया है।

गो फर्स्ट के अधिकारियों ने कहा कि सभी 200 वेंडरों मसलन इंडियन ऑयल, एयरपोर्ट अथॉरिटी, प्राइवेट एयरपोर्ट ऑपरेटर, इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनी, ग्राउंड हैंडलिंग एजेंटों और खाना मुहैया कराने वालों ने विमानन कंपनी की वहाली योजना पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि करीब 82-85 फीसदी वेंडर अब विमानन कंपनी से कैश ऐंड कैरी जरिया चाहते हैं, जिसके तहत विमानन कंपनी को हर दिन की सेवाओं के लिए अग्रिम भुगतान करना होता है।

अधिकारियों ने कहा कि हमने इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम के तहत 208 करोड़ रुपये देने का अनुरोध लेनदारों से किया है, ताकि विमानन कंपनी उड़ान बहाल कर सके। 208 करोड़ रुपये का आवंटन विमानन कंपनी के दिवालिया होने से कुछ दिन पहले किया गया था।

अधिकारी ने कहा, लेनदारों की समिति 9 जून को बैठक करेगी और उम्मीद है कि लेनदार हमारे अनुरोध पर जल्द फैसला लेंगे।

विमानन कंपनी को कार्यशील पूंजी व आपात देयता के लिए 150 से 175 करोड़ रुपये की दरकार है ताकि वह सेवाएं बहाल कर सके। अधिकारी ने कहा, विमानन कंपनी इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम से बाहर कर्ज लेने के लिए भी बैंकों के संपर्क में है। रकम के लिए कंपनी तीन प्राइवेट इक्विटी फर्मों के संपर्क में भी है।

10 मई को राष्ट्रीय कंपनी कानून पंचाट (एनसीएलटी) ने विमानन कंपनी की स्वैच्छिक दिवाला समाधान अर्जी मंजूरी कर ली और विमान पट्टादाताओं को अपने विमान वापस लेने से रोक दिया। इसके बाद पट्टादाता अपील पंचाट के पास गए जिसने उन्हें कोई राहत नहीं दी और उन्हें वापस एनसीएलटी के पास जाने के लिए कहा।

हालांकि कुछ पट्टादाता वापस एनसीएलटी चले गए, लेकिन अन्य पट्टादाताओं ने विमानों का पंजीकरण रद्द करने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। सोमवार को एनसीएलटी ने लाल को पट्टादाताओं द्वारा दायर आवेदन पर जवाब देने को कहा। इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने 1 जून को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

गो फर्स्ट के अधिकारियों ने कहा कि विमानन कंपनी द्वारा दिवाला आवेदन जमा करने के बाद पट्टादाताओं ने अपने विमानों के पट्टे समाप्त कर दिए। उन्होंने कहा कि चूंकि एनसीएलटी ने सभी परिसंपत्तियों पर रोक लगा दी है, इसलिए विमानन कंपनी अपने बेड़े में वापस लाने के लिए 26 सक्रिय विमानों का उपयोग करेगी।

अधिकारियों ने कहा कि विमानन कंपनी इन विमानों का 'मुफ्त' उपयोग नहीं करेगी और डीजीसीए के सामने प्रस्तुत की गई बहाली योजना में पट्टे का किराया भुगतान करने के लिए पहले ही एक निश्चित राशि आवंटित कर चुकी है। इस बात पर विचार करते हुए कि उन्होंने पट्टे समाप्त कर दिए हैं, यह स्पष्ट नहीं है कि पट्टेदारों को यह भुगतान कैसे किया जाएगा। एक अधिकारी ने कहा कि फिर से परिचालन शुरू होने के बाद पट्टादाताओं के साथ कुछ चर्चा होगी।

IndiaShelter Home Loans

इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि.

पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट–15, 6वीं तल, सेक्टर–44, इंस्टीट्यूशनल एरिया, गुरूग्राम, हरियाणा–122002
शाखा कार्यालयः 30, परखा कालोनी, स्टेशन रोड, मंदसौर–458001

अचल संपत्ति के लिए सांकेतिक कब्जा सूचना

जबकि, इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि. के अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति (हित) प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर यहाँ यथाउल्लिखित खाते के लिए तारीख को मांग सूचना जारी की जिसमें कर्जदार और संपत्ति मालिक/जमानती भी, से सूचना में उल्लिखित राशि को उक्त सूचना की तारीख से 60 दिनों के अन्दर अदा करने के लिए कहा गया। जबकि संपत्ति मालिक और अन्य के द्वारा राशि अदा न कर पाने पर एतद्द्वारा उल्लिखित कर्जदारों और सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 व 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर नीचे वर्णित संपत्ति/यों का प्रत्येक खाते के लिए उल्लिखित तारीखों को सांकेतिक कब्जा ले लिया है। अब, विशेष रूप से कर्जदार और सर्व जनों को सामान्य रूप में संपत्ति/यों से कोई भी लेन–देन न करने के लिए आगाह किया जाता है तथा संपत्ति/यों के साथ कोई भी लेन–देन नीचे उल्लिखित राशि और इस पर ब्याज, लागतों आदि के लिए के लिए इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि. के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार/जमानती (संपत्ति मालिक) का नाम और ऋण खाता संख्या	प्रभारित/बंधक संपत्ति (संपत्ति के समस्त भाग व खंड) का विवरण	मांग सूचना की तारीख, मांग सूचना की तारीख को देय राशि	सांकेतिक कब्जे की तारीख
सुमित्रा बाई, दिनेश और सोनू कुमार निवासीः फाटक मोहल्ला पिपलियापंथ रोड के पीछे वाली गली पिपलिया मंडी, मंदसौर–458664, मध्य प्रदेश ऋण खाता संख्याः LI2000004064, LA45TLLONS000005010467 HL45HLLONS000005027149	सर्वे नं. 332/1/2 एमई एसई, 41.76 वर्ग मीटर, वार्ड नं. 02, गली नं. 05, फाटक मोहल्ला मौजा पिपलियापंथ, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर स्थित प्लॉट के सभी भाग व खंड। सीमाएँः– पूर्व– राजेन्द्र कुमार का बिक्री प्लॉट, पश्चिम– कांती लाल का मकान, उत्तर– मांगीलाल मारशाब का मकान, दक्षिण	माँग सूचना– 13–10–2022 रु. 556770.68/– (रुपये पाँच लाख छप्पन हजार सात सौ सत्तर और अड़सठ पैसा मात्र) दिनांक 13.10.2022 को देय दिनांक 14.10.2022 से लागू आगे की ब्याज सहित	02.06.2023 (सांकेतिक कब्जा)

किसी पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें:– श्री आलोक शर्मा – 9826597104, सुश्री गीत जैन – 7489362570

स्थानः मध्य प्रदेश दिनांकः 06.06.2023 (प्राधिकृत अधिकारी) हित इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

व्यस्त मार्गों पर किराया 3 गुना बढ़ा

देश के छह सबसे व्यस्त मार्गों में से पांच पर पिछले एक महीने के दौरान हवाई किराए में तीन गुना तक इजाफा हो चुका है। अलबत्ता इन मार्गों पर 30 दिन के अग्रिम टिकटों के किराए में मामूली इजाफा (15 प्रतिशत से ज्यादा नहीं) देखा गया है। इक्सिगो द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार दिल्ली-मुंबई मार्ग, जो देश का सबसे व्यस्त हवाई मार्ग है, पर 1 जून को औसत हवाई किराया 18,654 रुपये था। गो फर्स्ट के निकलने से दो दिन पहले 1 मई को इस मार्ग पर औसत हवाई किराया 6,125 रुपये था। *बीएस*

SBI

वित्तीय रिपोर्टिंग और कर विभाग (FRT) IFRS विभाग
पहली मंजिल, स्टेट बैंक भवन, कॉर्पोरेट सेंटर, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400021

प्रस्ताव के लिए अनुरोध

भारतीय स्टेट बैंक ने वित्तीय प्रतिवेदन पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (IFCoFR) एवं भारतीय लेखा मानक (Ind AS) (आरएफपी संख्या: CC/FINANCE/FRT/IFRS/2023-24/01) के लिए सलाहकार की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) जारी किया है. विस्तृत आरएफपी दस्तावेज़ के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट पर 'प्रोक्योरमेंट न्यूज' https://sbi.co.in/web/sbi-in-the-news/procurement-news या https://etender.sbi/SBI/ देखें. इस संबंध में भविष्य की घोषणाओं, यदि कोई हो, के लिए कृपया वेबसाइट देखें.

हस्ताक्षर/–
उप महाप्रबंधक और
प्रोजेक्ट निदेशक (IFRS)

स्थान: मुंबई
तिथि: 06.06.2023

अनिवार्य उपकरण परीक्षण की समयसीमा बढ़ाएं : उद्योग

शुभायन चक्रवर्ती
नई दिल्ली, 5 जून

दूरसंचार परिचालकों ने देश में प्रयोगशालाओं के अनुपयुक्त बुनियादी ढांचे का हवाला देते हुए दूरसंचार उपकरणों के अनिवार्य परीक्षण के संबंध में एक साल के विस्तार की मांग की है।

अनिवार्य परीक्षण और दूरसंचार उपकरण प्रमाणन (एमटीसीटीई) व्यवस्था 1 जुलाई से लागू होने वाली है, जिसके तहत नेटवर्क तैनाती के रूप में स्थापित किए जाने से पहले सभी दूरसंचार उपकरणों का स्थानीय प्रयोगशालाओं में परीक्षण और मंजूरी हासिल की जानी है। लेकिन दूरसंचार कंपनियों ने उद्योग के संगठन सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के जरिये सरकार से कहा है कि उद्योग की जरूरतें पूरी नहीं हो पाई हैं और समय सीमा में और विस्तार किए जाने की जरूरत है।

सीओएआई के महानिदेशक एसपी कोचर ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया कि अगर सरकार कोई नीति बनाती है, तो उसे हम आगे बढ़ने का



सही तरीका मानते हैं। अगर उस नीति में कहा जा रहा कि सर्किट में डालने से पहले सभी उपकरणों का सुरक्षा परीक्षण किया जाना चाहिए, तो ऐसे उपकरणों का परीक्षण करने के लिए कोई तंत्र भी होना चाहिए। यही कारण है कि हम सरकार से समय सीमा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

परीक्षण प्रयोगशालाओं का निरीक्षण और चयन दूरसंचार इंजीनियरिंग केंद्र (टीईसी) द्वारा किया जाता है, जो दूरसंचार विभाग की तकनीकी शाखा है। टीईसी की वेबसाइट पर दिखाया गया है कि देश भर में ऐसी 62 प्रयोगशाला इकाइयां हैं। टीईसी ने 65 अलग-अलग प्रकार के दूरसंचार उपकरणों के लिए 'अनिवार्य आवश्यकताएं' भी तैयार की हैं।

उद्योग के सूत्रों का कहना है कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों ही निवेशक अब तक प्रतीक्षा और समीक्षा वाली स्थिति में थे तथा उन्होंने हाल ही में इस क्षेत्र में निवेश करना शुरू किया है। लेकिन उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को स्थापित होने में समय लगेगा।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (अनिवार्य पंजीकरण के लिए जरूरी) आदेश, 2012 के तहत लैपटॉप, वायरलेस कीबोर्ड, पीओएस मशीन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसी निर्दिष्ट वस्तुओं का अनिवार्य पंजीकरण करता है।

जून 2022 में दूरसंचार विभाग ने इस व्यवस्था को क्रियान्वित करने का समय एक साल तक बढ़ा दिया था क्योंकि उद्योग के हितधारकों ने जोरदार तरीके से इसके खिलाफ तर्क दिए थे। उन्होंने कहा था कि इससे देश की आगामी 5जी की तैनाती योजना बुरी तरह प्रभावित होगी।

POONAWALLA HOUSING FINANCE
Apna Ghar, Apni Pehchan

पूनावाला हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

(पूर्वतः मैग्मा हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध)
पंजीकृत कार्यालय : 602, छठा तल, जीरो वन आईटी पार्क, एसआर. नंबर 79/1, घोरपदी, मुंढवा रोड, पुणे-411036
1. शाखा कार्यालय - बी-4, विशाल शिखांश, तृतीय तल, निकट ऋषि नगर, पेट्रोल पम्प, उज्जैन, मध्य प्रदेश-456010
2. शाखा कार्यालय - तृतीय तल, 316-321, यूजी-4, धान ट्राइडेंट, विजय नगर, इन्दौर (मध्य प्रदेश)-452010

ई-नीलामी बिक्री सूचना

सरफासी ऐक्ट के तहत प्रतिभूत अचल आस्ति की बिक्री

एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदारों/सह–कर्जदारों/गारंटरों को सूचना दी जाती है कि अधोवर्णित सम्पत्तियां मैग्मा हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के पक्ष में बंधक रखी गई थीं। निगमन प्रमाणपत्र के माध्यम से **मैग्मा हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड अब पूनावाला हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड ("पीएचएफएल")** के रूप में पुनर्नामित हो गया है। उक्त सम्पत्तियों का कब्जा पीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4)/14 के तहत लिया जा चुका है तथा पीएचएफएल की बकाया राशियों की वसूली, लागू ब्याज, प्रभारों तथा लागतों इत्यादि सहित करने के लिए निम्नलिखित शर्तों के अनुसार ई–नीलामी के माध्यम से बेची जाएंगी। निम्नवर्णित सम्पत्ति **"जैसी है जहां है, जो भी है वहां है तथा कोई वापसी नहीं आधार"** पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 एवं 9 के अधीन बेची जाएगी। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया पीएचएफएल/प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः **www.poonawallahousing.com** देखें।

क्र. सं.	प्रस्ताव सं. ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना की तिथि और बकाया राशि (बी)	कब्जा का प्रकार (सी)	सम्पत्ति का वर्णन (डी)	सुरक्षित मूल्य (ई)	ईएमडी (आरपी की 10 प्रतिशत) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि (जी)	बोली वृद्धि (एच)	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/न्यायालय वाद, यदि कोई (के)
1	ऋण सं. HF/0180/H/20/100150 शैलेन्द्र सिंह राठौर (कर्जदार) मीना कुवर राठौर (सह–कर्जदार)	सूचना तिथि : 10–10–2022 रू. 10,37,828.66 (रूपए दस लाख सैंतीस हजार आठ सौ अठ्ठाईस तथा पैसे छियासठ मात्र) 10–10–2022 तक बकाया, आगे वसूली तक 16.25 प्रतिशत की दर पर ब्याज के साथ	भौतिक	बंधक सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट/मकान नंबर 55/2/2, पटवारी हलका नंबर 51, ग्राम झुमकी, तहसील बड़नगर एवं जिला उज्जैन, परिमाप 1550 वर्ग फीट	रू. 10,90,906.25/– (रूपए दस लाख नब्बे हजार नौ सौ छह तथा पैसे पच्चीस मात्र)	रू. 1,09,090.62/– (रूपए एक लाख नौ हजार नब्बे तथा पैसे बासठ मात्र)	10–07–2023 अप. 5 बजे से पहले	10,000/–	04–07–2023 (पूर्वा. 11 बजे- अप. 4 बजे)	11–07–2023 (पूर्वा. 11 बजे- अप. 2 बजे)	शून्य
2	ऋण सं. HF/0180/H/19/100094 जैन सिंह (कर्जदार) जया कुंवर (सह–कर्जदार) रामकुंवर कालू (सह–कर्जदार) कालू सिंह (सह–कर्जदार)	सूचना तिथि : 12–09–2022 रू. 10,54,435.94 (रूपए दस लाख चौवन हजार चार सौ पैंतीस तथा पैसे चौरानवे मात्र) 12–09–2022 तक बकाया, आगे वसूली तक 14.00 प्रतिशत की दर पर ब्याज के साथ	भौतिक	बंधक सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट/मकान नंबर 55, सर्वे नंबर 116 पर, पटवारी हलका नंबर 55, ग्राम मोलाखेड़ी, ग्राम पंचायत अमलावाड़ बीका, तहसील बड़नगर, उज्जैन, परिमाप 752 वर्ग फीट	रू. 7,73,850/– (रूपए सात लाख तिहत्तर हजार आठ सौ पचास मात्र)	रू. 77,385/– (रूपए सतहत्तर हजार तीन सौ पिचासी मात्र)	10–07–2023 अप. 5 बजे से पहले	10,000/–	04–07–2023 (पूर्वा. 11 बजे - अप. 4 बजे)	11–07–2023 (पूर्वा. 11 बजे- अप. 2 बजे)	शून्य
3	ऋण सं. HF/0135/H/19/100658 आकाश वर्मा (कर्जदार) रामप्यारी बाई वर्मा (सह–कर्जदार) भरत वर्मा (सह–कर्जदार)	सूचना तिथि : 08–12–2022 रू. 5,29,383.36 (रूपए पांच लाख उन्तीस हजार तीन सौ तिरासी तथा पैसे छत्तीस मात्र) 08–12–2022 तक बकाया, आगे वसूली तक 09.72 प्रतिशत की दर पर ब्याज के साथ	भौतिक	बंधक सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 190, "टीडीएस प्राइड", ग्राम सलामपुर, तहसील देपालपुर, जिला इन्दौर, परिमाप 36.57 वर्ग मीटर	रू. 8,01,500/– (रूपए आठ लाख एक हजार पांच सौ मात्र)	रू. 80,150/– (रूपए अस्सी हजार एक सौ पचास मात्र)	06–07–2023 अप. 5 बजे से पहले	10,000/–	30–06–2023 (पूर्वा. 11 बजे- अप. 4 बजे)	07–07–2023 (पूर्वा. 11 बजे- अप. 2 बजे)	शून्य

क्रय और बिक्री के संबंध में विस्तृत विवरण और पूछताछ के लिए, श्री इकबाल आलम से +91 9958195453 पर सम्पर्क करें

इच्छुक बोलीदाताओं/क्रेताओं को बोली जमा करने से पहले पीएचएफएल शाखा आने और स्वयं जांच संचालित करने तथा अतिरिक्त प्रभार, ऋणभार तथा तृतीय पक्ष हित अभिनिश्चित करने तथा सभी संदर्भों में अपनी संतुष्टि करने की सलाह दी जाती है। सम्पत्ति के साथ संबद्ध सभी सांविधिक देयताएं जैसेकि सम्पत्ति कर, बिजली/पानी बकाया तथा अन्य बकाया, यदि कोई, सफल बोलीदाता द्वारा अभिनिश्चित और अदा किए जाएंगे।
इच्छुक बोलीदाताओं को ई–बिडिंग के लिए पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना और नीलामी सेवा प्रदाता **सी1 इंडिया प्रा. लि. पता – प्लॉट नंबर 68, तृतीय तल, गुरूग्राम, हरियाणा–122003,** हेल्पलाइन नंबर – 7291981124, **25, 26 सपोर्ट ई–मेल आईडी Support@bankeauctuions.com सम्पर्क व्यक्ति विनोद चौहान, ई–मेल आईडी delhi@c1india.com सम्पर्क नंबर – 9813887931** से लॉगइन आईडी और पासवर्ड पर्याप्त अग्रिम में प्राप्त करना होगा, जो ई–बिडिंग के लिए अनिवार्य है। कृपया नोट करें कि प्रत्याशी बोलीदाता ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण केवल उनसे प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक बोलीदाताओं/क्रेताओं को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) किसी राष्ट्रीयकृत अथवा अनुसूचित बैंक पर आहरित एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी द्वारा **"पूनावाला हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड" के खाते में बैंक–आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खाता संख्या : 000651000460 तथा आईएफएससी कोड : ICIC0000006,** 20, आर.एन. मुखर्जी रोड, कोलकाता–700001 में कालम 'जी' में वर्णित तिथि को अथवा पूर्व जमा करनी होगी। वेबसाइट पर पंजीकरण के बाद, इच्छुक बोलीदाताओं/क्रेताओं को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां अपलोड, ई–मेल करनी होंगी तथा स्व–सत्यापित भौतिक प्रतियां **प्राधिकृत अधिकारी श्री देवेन्द्र पाल, पता : तृतीय तल, 316–321, यूजी–4, धान ट्राइडेंट, विजय नगर, इन्दौर (मध्य प्रदेश)–452010, मोबाइल नंबर +91 9827553311, ई–मेल आईडी devendra.pal@poonawallahousing.com** को प्रेषित करनी होंगी।

तिथि : 06–06–2023
स्थान : मध्य प्रदेश

प्राधिकृत अधिकारी
पूनावाला हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड
(पूर्वतः मैग्मा हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध)

छोटे शहरों में यूटीआई, एसबीआई एमएफ आगे

अभिषेक कुमार
मुंबई, 5 जून

देश भर में अपनी मजबूत भौतिक उपस्थिति की बदौलत यूटीआई म्युचुअल फंड और एसबीआई म्युचुअल फंड (एमएफ) अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में छोटे शहरों और गांवों से अपनी कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों (एयूएम) का ज्यादा अनुपात जुटाने में कामयाब रहे हैं।

नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज द्वारा संकलित आंकड़ों से पता चलता है कि केवल यूटीआई एमएफ और एसबीआई एमएफ ही दो ऐसे प्रमुख फंड हाउस हैं, जिनके एयूएम का 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा शीर्ष 30 शहरों से इतर वाले क्षेत्रों (बी-30) से आ रहा है। इस मामले में यूटीआई एमएफ सबसे ऊपर है। इसकी 23.8 प्रतिशत परिसंपत्तियां बी-30 केंद्रों से संबंधित हैं। इसके बाद 21.2 प्रतिशत के साथ एसबीआई एमएफ का स्थान है। उद्योग का औसत 17 प्रतिशत बैठता है। संपूर्ण एयूएम के लिहाज से बी-30 का क्रम अलग है। एचडीएफसी एमएफ और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ अपने एयूएम का कम अनुपात बी-30 से प्राप्त करते हैं, लेकिन जब संपूर्ण आंकड़ों की बात आती है, तो वे शीर्ष तीन फंड हाउसों में शामिल हैं।

मार्च 2023 तक एसबीआई एमएफ 1.46 लाख करोड़ रुपये की बी-30 परिसंपत्तियों का प्रबंधन कर रहा था, इसके बाद एचडीएफसी (79,170 करोड़ रुपये) और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल (77,060 करोड़ रुपये) का स्थान रहा।

एसबीआई एमएफ के मुताबिक वह बी-30 एयूएम का अनुपात बढ़ाकर 25 प्रतिशत करना चाहता है। एसबीआई म्युचुअल फंड के उप प्रबंध निदेशक और सीबीओ डीपी सिंह ने कहा कि हमें उम्मीद कि देश भर में 250 से अधिक स्थानों पर हमारी भौतिक उपस्थिति के साथ-साथ मजबूत वितरक नेटवर्क और ब्रांड विश्वास की बदौलत बी-30 की वृद्धि जारी रहेगी। अगर केवल खुदरा एयूएम पर विचार किया जाए, तो बी-30 का हिस्सा लगभग 30 प्रतिशत अधिक है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान म्युचुअल फंडों ने शीर्ष शहरों में पैठ के मामले में खासी प्रगति की है। कई फंड हाउसों ने हाल ही में शुरुआती कदम उठाने के प्रयासों को तुलनात्मक रूप से कम पहुंच वाले स्थानों की ओर स्थानांतरित कर दिया है।

भोपाल संस्करण : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा दैनिक भास्कर, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म. प्र. 462023 से मुद्रित एवं सी/ओ अशोक कुमार जैन, शॉप नं. 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल- 462001 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल\ आरएनआई नं. MPHHIN/2008/24325 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्सबिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं